# अध्याय- 14
# अकबर- बीरबल

**इन शब्दों के अर्थ लिखिए-**

बादशाह- राजा । तनिक- थोड़ा सा ।तीव्र- तेज। मिश्रण - दो पदार्थों को मिलाना ।
नवरत्न - अकबर के दरबार के नवरत्न।

**सही उत्तर पर सही का निशान लगाओ-**

1. महान बादशाह का क्या नाम था?
क. अकबर[√] ख. बीरबल ग. टोडरमल
2. मंत्री का क्या नाम था?
क.अकबर ख. बीरबल[√] ग. टोडरमल
3.अकबर ने सबके सामने क्या रखी?
क.पहेली [√] ख . सहेली ग. दहेली
4. बीरबल ने चींटियों को खानेके लिए क्या दिया?
क. मिश्रण[√] ख. मिर्ची ग. मिठाई

**दी गई पंक्तियों को पूरा करें-**

एक थे बादशाह बड़े <u>महान</u> ,अकबर <u>था</u> जिनका नाम ।
<u>बीरबल</u> था मंत्री उनका,चतुर तीव्र और <u>बुद्धिमान</u> ।
रखी <u>पहेली</u> अकबर ने एक दिन,सामने <u>बर्तन</u> दिखाते हुए।
चीनी और <u>रेत</u> करो अलग, बिना <u>पानी</u> मिलाते हुए।
<u>छलनी</u> से भी नहीं छानना, किसी <u>बर्तन</u> का न प्रयोग करो।
हो बड़े बुद्धिमान बीरबल तुम, अपनी <u>बुद्धि</u> का उपयोग करो।

**दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए**

क.चेहरा- चेहरे । ख.कहानी- कहानियाँ। ग.थैली - थैलियाँ । घ. रुपया- रुपएँ । ड. सिक्का -सिक्के।

**दिए गए शब्दों के लिंग बदलो**

देवर-देवरानी ।जेठ-जेठानी । देव- देवी ।चाचा - चाची ।सास- ससुर।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो**

1. बादशाह अकबर के मंत्री का क्या नाम था ?

उत्तर - बादशाह अकबर के मंत्री का नाम बीरबल था ।

2.अकबर ने बीरबल के सामने कौन सी चुनौती रखी?

उत्तर- अकबर ने बीरबल के सामने चीनी और रेत को अलग करने की चुनौती रखी ।

3.बीरबल ने पहेली को कैसे सुलझाया ?

उत्तर - बीरबल ने पहेली को सुलझाने के लिए चीटियों के खाने में मिश्रण रखा जिससे चीटियाँ चीनी ले जाती थी और रेत वहीं पड़ा रहता था इस प्रकार बीरबल ने पहेली को सुलझाया

4.किसे अपनी चतुराई के बल पर बहुत सम्मान मिलता था ?

उत्तर -बीरबल को अपनी चतुराई के बल पर बहुत सम्मान मिलता था

5. बादशाह अकबर के दरबार में कितने रत्ना थे ?

उत्तर- बादशाह अकबर के दरबार में नवरत्न थे।